# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अम्बेडकरनगर।

चरित्र विकास भवन साबुन गली अकबरपुर-224122 eeupjn.cdambedkarnagar@gmail.com


पत्रांकः- 6136 / सिविदा-09 / 78 दिनांक- 24/07/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण)
उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषयः-** सोशल मीडिया में प्रकाशित शीर्षक "खानपुर हुसैनाबाद में हर घर नल योजना ठप" पानी की टंकी का निर्माण एक साल से अधूरा परिसर झाड़ियों से पटा के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक सोशल मीडिया में प्रकाशित शीर्षक "खानपुर हुसैनाबाद में हर घर नल योजना ठप" पानी की टंकी का निर्माण एक साल से अधूरा परिसर झाड़ियों से पटा की आख्या निम्नवत है-

| क्र0सं0 | प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|---|
| 1. | अंबेडकरनगर के विकास खंड भियांव की ग्राम पंचायत खानपुर हुसैनाबाद में केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर घर नल (जल जीवन मिशन)' योजना अधूरी पड़ी है। गांव में निर्माणाधीन पानी की टंकी का कार्य पिछले एक वर्ष से रुका हुआ है, जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। टंकी परिसर भी घनी झाड़ियों से भर गया है। ग्रामीणों के अनुसार, पानी की टंकी बनने के बाद गांव में नियमित जलापूर्ति शुरू होने की उम्मीद थी। हालांकि, निर्माण कार्य ठप पड़ने के कारण आज भी लोग हैंडपंप और अन्य पारंपरिक जल स्रोतों पर निर्भर हैं। लंबे समय से काम बंद होने के कारण टंकी परिसर में झाड़ियों का अंबार लग गया है, जिससे अस्वच्छता का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को कई बार सूचित किया गया, लेकिन निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं किया गया। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कार्य पूरा कर जलापूर्ति शुरू नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जल निगम के अधिकारियों से अधूरे पड़े निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने और प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। इस संबंध में, के. रजत चौधरी ने बताया कि सिंगल जीबी पर काम किया जा रहा है और खानपुर हुसैनाबाद में फंड की कमी के कारण लगभग एक वर्ष से कार्य बंद है। | सादर अवगत कराना है कि उक्त प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम खानपुर हुसैनाबाद पेयजल योजना ब्लाक भियाव में सम्मिलित है । उक्त योजना पर पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शिरोपरी जलाशय का कार्य 20 % पूर्ण कर लिया गया है। योजना पर डायरेक्ट नलकूप के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है । कुल 775 नग गृह नल संयोजन के सापेक्ष 306 नल गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। योजना के समस्त कार्यो को माह-मार्च-2027 तक पूर्ण कर सभी मजरो में नियमित जलापूर्ति की जाएगी। |

**सलंग्क-स्थलीय निरीक्षण फोटो ग्राफ संलग्न**

भवदीय

(कमला शंकर)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः-**

**प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1- जिलाधिकारी महोदया अम्बेडकरनगर।
2- मुख्य विकास अधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर।
3- मुख्य अभियन्ता(ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) लखनऊ।
4- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अयोध्या।

अधिशासी अभियन्ता



Scanned with OKEN Scanner